

# पाठ 6 मैं और मेरी सवारी



## अभ्यास उत्तर हल सहित

**प्रश्न 1. नीचे गुरुमुखी और देवनागरी लिपि में** दिए गए शब्दों को पढ़ें और हिंदी शब्दों को लिखने का अभ्यास करें:-

ਘੇਰਾ = घेरा

ਰੋਮ = रोम

ਜ਼ੰਜੀਰ = ज़ंजीर

ਦੁਰਘਟਨਾ = दुर्घटना



ਹੈਂਡਲ= हैंडल

ਪੈਟਰੋਲ = पैट्रोल

ਸ਼ਹਿਰ = शहर

ਧੂੰਆਂ = धुआँ

ਸਾਇਕਲ = साइकिल

ਤਮਗਾ, ਮੈਡਲ = तमगा

ਖਣਿਜ ਤੇਲ = खनिज तेल

ਪੀੜ੍ਹੀਆਂ = पीढ़ियाँ

प्रश्न 2. नीचे एक ही अर्थ के लिए पंजाबी और हिंदी भाषा में शब्द दिए गए हैं। इन्हें ध्यान से पढ़ें और हिंदी शब्दों को लिखें:-

ਬੁਝਾਰਤ = पहेली

ਖੋਜ = आविष्कार

ਨਾਲ ਚੱਲਣ ਵਾਲੇ = हम सफ़र

ਰੁਕਾਵਟ = बाधा

ਵੱਡੇ-ਬੁੱਢੇ = बुज़ुर्ग

ਚਲਾਉਣ ਵਾਲਾ = चालक

ਅਸਲ ਵਿੱਚ = दरअसल

ਬਿਨਾ ਸੋਚੇ-ਸਮਝੇ = अंधाधुंध

ਦੋਸਤੀ = मित्रता

ਆਵਾਜਾਈ = यातायात

ਕਸਰਤ = व्यायाम

ਪਿੱਛੇ-ਪਿੱਛੇ ਚਲਣਾ = अनुसरण

ਧੁਨੀ ਪ੍ਰਦੂਸ਼ਣ = ध्वनि प्रदूषण

ਹਵਾ ਦਾ ਦੂਸ਼ਿਤ ਹੋਣਾ = वायु प्रदूषण

ਵਾਤਾਵਰਣ ਦਾ ਖਿਆਲ ਰੱਖਣ ਵਾਲਾ= पर्यावरण हितैषी

ਜਿੱਤਣ ਵਾਲਾ = विजेता

प्रश्न 3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखें:-

प्रश्न (क) दो पहिए वाली सवारी को क्या कहते हैं ?

उत्तर: दो पहिए वाली सवारी को साइकिल या बाइसिकिल कहते हैं।

प्रश्न (ख) बुज़ुर्गों के स्वास्थ्य का राज़ क्या है?

उत्तर: बुज़ुर्गों के स्वास्थ्य का राज़ उनका रोज़ साइकिल चलाना है।

प्रश्न (ग) साइकिल का आविष्कार किसने और कब किया ?

उत्तर: साइकिल का आविष्कार मैकमिलन ने 1839 ई• में किया।

प्रश्न (घ) यदि थोड़ी दूर जाना हो तो कौन-सी सवारी उत्तम है?

उत्तर: थोड़ी दूर जाना हो तो साइकिल की सवारी उत्तम है।

प्रश्न (ङ) वायु प्रदूषण कैसे होता है?

उत्तर: मोटरगाड़ियों से निकलने वाले धुएँ से वायु प्रदूषण होता है।

प्रश्न (च) खेल दिवस पर साइकिल दौड़ के मुकाबले कौन-कौन से होते हैं?

उत्तर: खेल दिवस पर धीमी गति की साइकिल दौड़ और तेज़ गति की साइकिल दौड़ के मुकाबले होते हैं

**प्रश्न4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर चार या पाँच वाक्यों में लिखें:-**

प्रश्न (क) उत्तम स्वास्थ्य के लिए साइकिल की सवारी अच्छी है, कैसे ?

उत्तर: क्योंकि साइकिल सवारी करने पर पसीना आने से शरीर के रोम खुल जाते हैं, जिससे स्फूर्ति आती है। यह एक संपूर्ण व्यायाम है। इसलिए उत्तम स्वास्थ्य के लिए साइकिल की सवारी अच्छी है।

प्रश्न (ख) साइकिल पर्यावरण हितैषी है, कैसे ?

उत्तर: साइकिल पर्यावरण हितैषी है क्योंकि न तो यह शोरगुल करती है और न ही प्रदूषण फैलाती है। इसे चलाने के लिए किसी पैट्रोल-डीज़ल आदि की ज़रूरत भी नहीं पड़ती। जिससे प्राकृतिक संसाधनों की बचत भी होती है।

प्रश्न (ग) साइकिल चलाने के क्या लाभ हैं? लिखो।

उत्तर: साइकिल चलाने के अनेक लाभ हैं :-

1 इससे प्रदूषण नहीं होता ।

2 इससे शरीर की कसरत होती है।

3 यह शोरगुल नहीं करती ।

4 साइकिल यातायात का सबसे सस्ता साधन है।



प्रश्न 5. उपयुक्त शब्द चुनकर वाक्य पूरे करें:-
खेल मुकाबलों, स्कॉटलैंड, बाइसिकिल, हालैंड, महँगाई, सुरक्षित, मैकमिलन, हितैषी

1 आज महँगाई का युग है।

2 दो पहिए की सवारी को बाइसिकिल कहते हैं।

3 दुर्घटना की दृष्टि से सबसे सुरक्षित मेरी सवारी है।



4 मैं पर्यावरण हितैषी हूँ।

5 मुझे हालैंड की राष्ट्रीय सवारी होने का मान है।

6 मेरा आविष्कार स्कॉटलैंड के मैकमिलन ने किया ।

7 मैं खेल मुकाबलों में विशेष स्थान पाती हूँ।

प्रश्न 6. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ समझते हुए वाक्य प्रयोग करें:-

(क) मुँह के बल गिरना (ज़ोर से अचानक गिरना) शाम मैदान में भागते हुए मुँह के बल गिर गया ।

(ख) अंधाधुंध चलाना (बिना सोचे-समझे चलाना) हमें कोई भी वाहन अंधाधुंध नहीं चलाना चाहिए ।

(ग) नानी याद आना (बहुत परिश्रम करना) कार को धक्का लगाते-लगाते मुझे नानी याद आ गई।

(घ) हवा से बातें करना (बहुत तेज़ चलना) राम की साइकिल हवा से बातें कर रही थी ।

प्रश्न 7. वाक्य बनाएं:-


पहिया = पहिया गोल होता है।

यातायात = साइकिल यातायात का सबसे सस्ता साधन है।

उपलब्ध = आजकल साइकिल कई रंगों में उपलब्ध है।

शुद्ध = हमें शुद्ध हवा में सैर करनी चाहिए।

आकर्षक = बाग में बहुत आकर्षक फूल हैं।



पर्यावरण = साइकिल पर्यावरण हितैषी है ।

उत्पादन = आजकल साइकिल का उत्पादन बहुत बढ़ गया है ।

हितैषी = साइकिल पर्यावरण हितैषी है ।

**प्रश्न 8. चित्र में एक दूसरे के विपरीत शब्द दिए हैं। एक पहिए में दिए शब्दों के विपरीत दूसरे पहिए में है। उन्हें ढूँढे और उपयुक्त स्थान पर लिखें:-**







| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अगला | = | पिछला | पढ़े-लिखे | = | अनपढ़ |
| रुकना | = | चलना | अमीर | = | गरीब |
| आगे | = | पीछे | बच्चे | = | बूढ़े |
| बूढ़ा | = | नौजवान | सभ्य | = | असभ्य |

# शिक्षा विभाग,पंजाब

(मार्गदर्शक डॉ॰ सुनील बहल, सहायक निदेशक, एस.सी.ई.आर.टी. पंजाब)

लेखन: परमजीत कौर, हिंदी अध्यापिका, स.स.स. स्कूल, मलकाना, बठिंडा

संशोधन: राजन हिंदी मास्टर, स.मि. स्कूल लोहारका कलां, अमृतसर,

संयोजक: दीपक कुमार हिंदी मास्टर स.मि. स्कूल मानवाला, बठिंडा

सहायक: सुमन सचदेवा हिंदी अध्यापिका, स.ह. स्कूल (लड़के) मंडी हरजीराम, मलोट